# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
## सिद्धार्थनगर, उ0प्र0-272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com


पत्रांक: 609 /सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2026 दिनांक 01/07/2026

अनुस्मारक

अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

विषयः—कैशलेस चिकित्सा हेतु सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0 शि0), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, उ0प्र0, प्रयागराज के पत्र सं0—डिग्री विकास/643/2026—27, दिनांक—17.06.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या की सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। किन्तु निम्नलिखित महाविद्यालयों द्वारा कई बार सूचना मॉगने पर भी सूचना नहीं उपलब्ध करायी गयी। जो निम्नवत् हैः—

1. श्रीमती वंशराजी देवी महिला महाविद्यालय, जिगिना, परसौना, बस्ती।
2. राना पतरू सिंह नरेन्द्र बहादुर सिंह महाविद्यालय, केंवचा, बहादुरपुर, बस्ती।
3. एम0डी0 पटवा डिग्री कालेज, श्री साईनाथ धाम बसहवा, जनपद—बस्ती।
4. शैल पुष्प महिला डिग्री कालेज, वाल्टरगंज, बस्ती।
5. श्री मेवाति देवी राम कुमार चौधरी महिला डिग्री कालेज, पिपरा कुकाली, बस्ती।
6. स्व0 श्री रजवन्त चौधरी महिला महाविद्यालय, बढ़या सन्तकबीरनगर।
7. अबुल कलाम महिला डिग्री कालेज, करही, पिड़वा, संतकबीरनगर।
8. प्रेम बाबू सुमित्रा देवी महिला महाविद्यालय, चंगेरा मंगेरा, सनतकबीरनगर।
9. इस्लामिया महिला महाविद्यालय, हरपुर चौक, महराजगंज।
10. रामाश्रम महाविद्यालय, बरगदवा, बढ़नी, सिद्धार्थनगर।

अतः ऐसे सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को अन्तिम बार अवसर प्रदान किया जाता है कि निर्धारित प्रारूप पर समस्त सूचना अंग्रेजी में विश्वविद्यालय के ई—मेल आई0डी0 sukaffiliation@gmail.com पर दिनांक—02.07.2026 को अपराह्न 2 बजे तक सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में यह मान लिया जायेगा कि आपके महाविद्यालय में कोई भी प्राचार्य कार्यरत नहीं है। यदि भविष्य में कैशलेस सुविधा से वंचित होने पर सम्बन्धित द्वारा कोई कार्यवाही की जाती है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्रशासन का होगा।

| University Name | College Name | College Code | Pirincipal Name | Mobile No. | Adhar No. | E-mail ID |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

कृपया उक्त से अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय

01/07/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।